राजस्थान पत्रिका, पेज नंबर :- ०२
दिनांक :- २४/०२/२०२६

# सचिवालय से महात्मा मंदिर तक 16 जनवरी से दौड़ेगी मेट्रो ट्रेन

अहमदाबाद @ पत्रिका. गुजरात मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन (जीएमआरसी) की ओर से अहमदाबाद गांधीनगर रूट पर मेट्रो सेवा विस्तार की घोषणा की गई है। अब 16 जनवरी से मेट्रो ट्रेन सेवाएं गांधीनगर के सचिवालय मेट्रो स्टेशन से महात्मा मंदिर मेट्रो स्टेशन तक शुरू हो जाएंगी। इस विस्तार से गांधीनगर के महत्वपूर्ण सरकारी और सार्वजनिक स्थलों तक मेट्रो की सीधी पहुंच संभव होगी। जीएमआरसी के अनुसार इस रूट का नया ट्रेन टाइम टेबल 15 जनवरी की शाम 6 बजे तक आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जाएगा। मेट्रो सेवा विस्तार से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिलेगी और सचिवालय से महात्मा मंदिर तक की दूरी अब तेज़ और सुगम यात्रा में बदल जाएगी।